वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 86 | सोमवार 24 जुलाई 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# कारगिल विक्ट्री रन में दौड़े जयपुर शहर के रनर्स

## शहीद कैप्टन अमित भारद्वाज की स्मृति में आयोजित हुई रन, शहीद के पैरेंट्स किया फ्लेग ऑफ






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

शहीद कैप्टन अमित भारद्वाज की स्मृति में रविवार को कारगिल विक्ट्री रन का आयोजन किया गया। इसमें जयपुराइट्स ने देशभक्ति के जज्बे के साथ कारगिल हीरोज के सम्मान में दौड़ लगाई। यह दौड़ मालवीय नगर में प्रातः 6 बजे प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए शहीद अमित भारद्वाज के समाधि स्थल पर पहुंचकर समाप्त हुई। दौड़ को शहीद अमित भारद्वाज के माता पिता, स्थानीय विधायक कालीचरण सराफ, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पंडित सुरेश मिश्रा, मेजर जनरल अनुज माथुर और सीआरपीएफ कमांडेंट प्रवीण कुमार ने झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ में जयपुर के विभिन्न स्कूलों के बच्चों के साथ सेना की 5 जाट रेजीमेंट के जवान और अधिकारियों, राजपूताना राइफल्स के जवान और अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में जयपुराइट्स ने भाग लिया। सेना की 17 जाट रेजीमेंट के जवानों और अधिकारियों ने यूनिट की लोकेशन पर व देश के विभिन्न शहरों में रनर्स ने भी देशभक्ति के जज्बे के साथ कारगिल शहीदों के सम्मान में वर्चुअल रन में भाग लिया।

# ओपन माइक सेशन में शहर के कलाकारों ने दिखाया टैलेंट

### युवा रचनाकारों ने अपनी अभव्यक्ति से दिया मैसेज, मानसिक स्वास्थ्य के प्रति किया जागरुक




**जयपुर. कासं**

जयपुर के वैशाली नगर में रविवार को ओपन माइक सेशन का आयोजन ह्यूमर हाऊस की ओर से किया गया। इसमें शहर के विभिन्न इलाकों से कई आर्टिस्ट्स ने हिस्सा लिया। जहां एक तरफ शगुन, याशू, अक्षिता ने अपनी कविताओं से दर्शकों को प्रभावित किया। वहीं दूसरी तरफ उर्वशी, आकाश, योगेश, विकास, शिवराज और मनीष ने अपनी गायकी से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लेखक और मोटिवेशनल स्पीकर देवेंद्र जोशी और भूतपूर्व डीएसपी हुकम सिंह रहे। देवेन्द्र जोशी जो एक अध्यापक भी हैं। कला में विशेष रुचि रखते हैं, उन्होंने मानसिक तनाव पर युवाओं को विशेष ध्यान देने के लिए कहा और उन्हें समझाया की मानसिक तनाव कितने प्रकार का होता है। इससे किस तरह से छुटकारा पाया जा सकता है। हुकम सिंह ने अपनी रचनाओं से युवाओं को एक बेहतर कल बनाने का संदेश दिया। ह्यूमर हाउस नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने वाला एक ग्रुप है, जिसे सौरभ जैन, दीपक शर्मा और विजेंद्र सोलंकी की ओर से संचालित किया जा रहा है। शहर में अब तक काफी जगहों पर ह्यूमर हाऊस की ओर से इस तरह के ओपन माइक का अयोजन किया जा चुका है। इस ओपन माइक में सभी परफॉर्मेंस को कैमरा में रिकॉर्ड करने का काम कैमरामैन रोहित शर्मा ने किया।

# अग्रवाल समाज ने विधानसभा चुनाव में 20 टिकट मांगे

### अध्यक्ष बोले- व्यापारी बोर्ड नहीं, आयोग चाहिए; सराफ ने कहा- भाजपा आई तो पहले यही काम होगा

**जयपुर. कासं।** भविष्य की राजनीतिक और सामाजिक दिशा तय करने के लिए विद्याधर नगर स्टेडियम में रविवार को अग्रवाल समाज ने राजनीतिक दलों के सामने अपनी मांगें रखी हैं। अग्रवाल समाज की मांग है कि अगले चुनावों में समाज के प्रतिनिधि को हर राजनीतिक दल से 20-20 टिकट दिए जाएं। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन एवं ऑल अग्रवाल समाज सेवा समिति के बैनर तले हो रहे इस महाकुंभ में बड़ी संख्या में लोग जुटे। महाकुंभ में पहुंचे तकनीकी शिक्षा मंत्री सुभाष गर्ग ने कहा- मैं विश्वास दिलाता हूं कि प्रदेश में अग्रसेन कल्याण बोर्ड का भी गठन होगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से बातचीत करूंगा। <u>**हमें बोर्ड नहीं, आयोग चाहिए-राष्ट्रीय अध्यक्ष:**</u> अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने कहा कि 10 करोड़ का अग्रवाल समाज व्यापारी के रूप में देश का खजाना भरता है। भारी-भरकम जीएसटी इकट्ठा कर दिया गया, लेकिन जीएसटी भरने वालों पर भी ईडी कार्रवाई कर रही है। ये कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। छोटे व्यापारियों की दुकान में यदि कोई घटना हो जाए, आग लग जाए तो उसे मुआवजा मिलना चाहिए। अभी तो ये शुरूआत है, जयपुर के बाद आगरा, लखनऊ, हरियाणा, भोपाल में भी अग्रवाल महाकुंभ होगा।



# राजस्थान के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अशोक जी गहलोत ने राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड का किया गठन, जैन समाज में हर्ष

## मुख्यमंत्री का जैन समाज ने जताया आभार



**शाबाश इंडिया।** राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने राजस्थान राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड के गठन की अधिसूचना जारी करते हुए लिखा है कि - राज्य सरकार द्वारा जैन समुदाय के मंदिर, पुरातात्विक धरोहरों के सरक्षणं एवं नव निर्माण, जैन समुदाय के लोक साहित्य एवं ग्रंथों के प्रकाशन, प्रचार- प्रसार, इनके प्राचीन साहित्यों के संकलन, शोध एवं सरंक्षण तथा जैन धर्म श्रमण परंम्पराओं के सरक्षण के सम्बन्ध में सुझाव देने हेतु राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड का गठन किया जाता है।

**इसके सात बिन्दुओं में उद्देश्य इस प्रकार हैं:**

1. जैन धर्म श्रमण परम्पराओं के संबंध में राज्य सरकार को सुझाव देना।
2. जैन समुदाय के लोगों के कल्याण हेतु इस समाज के लिये विभिन्न योजनाएं प्रस्तावित करने एवं उनके प्रचार प्रसार के संबंध में राज्य सरकार को सुझाव देना।
3. जैन समुदाय पर आधारित पुरातात्विक धरोहरों एवं मंदिरो का संरक्षण एवं नव निर्माण के संबध में राज्य सरकार को सुझाव देना ।
4. जैन समुदाय के प्राचीन साहित्य का संकलन, संरक्षण एवं शोध कार्य पर राज्य सरकार को सुझाव देना ।
5. जैन समुदाय के अराध्य 24 तीर्थंकर पर रचे गये लोक साहित्य का प्रकाशन व प्रचार प्रसार करना ।
6. जैन समुदाय के अराध्य भगवान महावीर के शांति एवं अंहिसा के सिद्धातों का प्रचार प्रसार करना ।
7. जैन समुदाय के आचार्य-संतों एवं साध्वियों और श्रावक-श्राविकाओं को भ्रमण के दौरान कानूनी संरक्षण प्रदान करने का सुझाव राज्य सरकार को देना।

उप निदेशक स्तर का विभागीय अधिकारी (समाज कल्याण सेवा संवर्ग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग), बोर्ड के सचिव के पद का कार्य करेंगे। उक्त बोर्ड के कार्य संचालन के लिए अलग से नवीन पदों का सृजन एवं स्वीकृत किये जायेगें।

ग. सेवा शर्तें-
राजस्थान राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड की सेवा शर्तें इस बोर्ड के लिये निर्मित नियमों के अनुसार होगी।

छ. मार्गदर्शन की कार्य पद्धति-
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार, राजस्थान राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड के लिये प्रशासनिक विभाग होगा।

ङ. कार्यक्षेत्र
राजस्थान राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण राजस्थान राज्य होगा। तथा इस बोर्ड के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए राज्य सरकार को कार्य योजना एवं सुझाव प्रस्तावित करेगा।

छ. राजस्थान राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड के अध्यक्ष एवं सदस्यों की योग्यता, वेतन भत्ते, कार्यकाल तथा अन्य सुविधाओं के सम्बन्ध में राज्य सरकार जो भी निर्धारित करेगी, देय होंगे। लंबे समय से जैन समाज की यह मांग थी। मुख्यमंत्री अशोक जी गहलोत की इस महत्वपूर्ण घोषणा पर जैन समाज में हर्ष है तथा जैन समाज ने इसके लिए मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत का आभार जताया है।



**डॉ. सुनील जैन संचय**
ज्ञान-कुसुम भवन,नेशनल कान्वेंट स्कूल के सामने, गांधीनगर, नईबस्ती,ललितपुर 284403, उत्तर प्रदेश
मोबाइल, 9793821108
ईमेल- suneelsanchay@gmail.com
(आध्यात्मिक चिंतक व जैनदर्शन के अध्येता)

# गुलाबीनगर ग्रुप द्वारा मानव सेवार्थ कार्यक्रम




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन के मानव सेवार्थ 15 जुलाई से 30 जुलाई पखवाड़ा के अंतर्गत गुलाबीनगर ग्रुप द्वारा दिनाँक 23 जुलाई को सवेरे 11.00 अट पर दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के अंतर्गत छात्रावास में निवास कर रहे 210 जैन विद्यार्थियों को ग्रुप के सदस्यों ने सवेरे का भोजन कराया। आज के कार्यक्रम में राजस्थान रीजन के महासचिव श्री निर्मल जी श्रीमती सरला सांघी , श्रीमती सीमा जी बड़जात्या व गुलाबीनगर के सुनील बज अध्यक्ष, विनोद बड़जात्या सचिव, विनय अजमेरा, राजेन्द्र मंजू छाबडा, महावीर पांड्या, अशोक कुसुम जैन, सुनील मीना काला, रमेश गंगवाल, कैलाश पाटनी, चेतन रेखा जैन, विनोद किरण झांझरी, ने कार्यक्रम में भाग लिया। श्री दर्शन जी बाकलीवाल ने नवनिर्मित बालिका महाविद्यालय व छात्रावास के भवन को सभी सदस्यों को दिखाया। छात्रावास में 90 कमरे 2 व 3 बेड के , टेबल, अलमारी अलग से सभी के लिये व मय शौचालय के अतिसुन्दर छात्रावास ,आधुनिक रसोई व खाने के लिये हॉल का निर्माण की सभी सदस्यों ने प्रशंसा की। सभी सदस्यों ने मंदिर में श्री शांतिनाथ भगवान के दर्शन किये। गुलाबीनगर ग्रुप के सदस्यों ने बालिका छात्रावास में भोजन सहयोग राशि रुपये 11000/ व छात्रों के छात्रावास में राशि रुपये 11000/- दी गयी। छात्रावास के प्रभारी श्री प्रशांत जी ने श्री निर्मल जी सांघी महासचिव रीजन व गुलाबीनगर के सुनील बज अध्यक्ष, विनोद बड़जात्या सचिव का स्वागत किया। गुलाबीनगर की तरफ से श्रीमती सरला संघी का मीना काला व श्रीमती सीमा बड़जात्या का मंजू जैन ने मालार्पण कर स्वागत किया।

# राज्य में श्रमण संस्कृति बोर्ड का गठन करने पर मुख्यमंत्री का जताया आभार

## जैन समाज में खुशी की लहर। मुख्यमंत्री को दिया सभी जैन संतो ने आशीर्वाद

विमल जोला. शाबाश इंडिया

निवाई। राज्य सरकार ने जैन समुदाय के मंदिर पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण एवं नवनिर्माण जैन समुदाय के लोक साहित्य एवं ग्रन्थों के प्रकाशन, प्रचार प्रसार इनके प्राचीन साहित्यों के संकलन, शोध एवं संरक्षण तथा जैन धर्म श्रमण परम्पराओं के संरक्षण के सम्बंध में सुझाव देने के लिए राजस्थान राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड का गठन करने पर जैन समाज में खुशी की लहर दौड़ गई इस दौरान मुनि श्री शुद्ध सागर महाराज एवं गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी सहित सभी जैन संतो ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को आशीर्वाद दिया। जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला व राकेश संधी ने बताया कि जैन समुदाय के प्रमुख भामाशाह अशोक पाटनी दिनेश खोडनिया, एडवोकेट सुरेन्द्र मोहन जैन अध्यक्ष जैन अभिभाषक संघ एवं सुधांशु कासलीवाल के अथक प्रयास से राजस्थान राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड का गठन करने पर जैन समाज के मंत्री महावीर प्रसाद पराणा बडा.जैन मंदिर के अध्यक्ष विनोद पांडया मंत्री महेन्द्र चंवरिया कोषाध्यक्ष विमल गिन्दोडी.पालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र चंवरिया उधोगपति महावीर प्रसाद मुकेश कुमार अनिल पहाड़ी अशोक कटारिया विष्णु बोहरा पारस पहाड़ी राजेन्द्र बगडी. सुशील आरामशीन गोपाल कठमाणा महावीर प्रसाद माधोराजपुरा नीरा जैन अशोक बिलाला मूलचन्द पांडया नवरत्न टोंग्या त्रिलोक जैन हेमचंद संधी विमल सोगानी युवा परिषद के पवन बोहरा सुशील गिन्दोडी. योगेन्द्र जैन हेमंत चंवरिया हुकमचन्द जैन ताराचंद बोहरा दिनेश मोठूका विनोद सोगानी प्रेमचन्द सोगानी विमल पाटनी सहित कई संस्थाओं के पदाधिकारियों ने राजस्थान सरकार मुख्यमंत्री का आभार जताया।

# त्रिवेणी नगर जैन मंदिर का 28वां त्रिदिवसीय स्थापना दिवस समारोह में अन्तिम दिन बिघ्न हरण पार्श्वनाथ विधान हुआ

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

त्रिवेणी नगर पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर का 28वा' त्रिदिवसीय स्थापना दिवस के अन्तिम दिन रविवार को उत्साह व भक्तिभाव के साथ मनाया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष, महेन्द्र काला ने बताया कि प्रातः श्रीजी के अभिषेक व शांतिधारा हुई तत्पश्चात बिघ्न हरण पार्श्वनाथ विधान हुआ। मंडल विधान में श्रावक श्रेष्ठयो ने श्रीफल के साथ अष्ट द्रव्य से भक्ति करते हुए अर्घ्य चढ़ाएं। शाम को आरती हुई इस अवसर पर मंदिर समिति के मंत्री रजनीश अजमेरा, राजस्थान जैन महासभा के राकेश छाबड़ा, अशोक पाटोदी, सचिन काला, लोकेश जैन, अरिहंत जैन अशोक पापड़ीवाल, महावीर कासलीवाल, शैलेन्द्र जैन, राजकुमार पांड्या, महावीर कासलीवाल, नरेश कासलीवाल, अशोक अजमेरा, जितेन्द्र कासलीवाल, एम के जैन, सुशील जैन , अरिहन्त, नितिन छाबड़ा, अजय, विजय, नीलकमल पांड्या, महिला मंडल की अध्यक्षया सन्तोष सौगानी, मंत्री शिमला पापड़ीवाल, बबीता लुहाड़िया, वंदना अजमेरा व प्रेमलता काला, मृदुला काला सहित युवा मंडल सहित बड़ी संख्या में समाज बन्धु उपस्थित थे। इससे पूर्व शनिवार को रात्रि में 48 दीपकों से भक्तामर हुआ।



# सिर कटाना मंजूर है पर सिर झुकाना नहीं

## गुरु गोविंदसिंह के दोनों बच्चे कुर्बान हो गए पर अपने धर्म मार्ग से डिगे नहीं: साध्वी धैर्यप्रभा



**ब्यावर।** बिरद भवन में गत तीन दिवस से चल रहे बलिदान के मार्मिक प्रवचन को धर्मसभा को बताते हुए महासाध्वी धैर्यप्रभा ने कहा कि राग द्वेष कर्म बीज हैं। भगवान महावीर नेब सभी को प्राणी मात्र की सेवा और प्रेम की शिक्षा दी हैं। जीवन में अनेकों कष्ट आते हैं परन्तु जो सिंह के भांति अपने धर्ममार्ग पर स्थिर रहता हैं डिगता नही है वही असली वीर होता हैं। हर परिस्थिति को मुस्कराहट के साथ सहन करने के लिए तैयार रहें। गुरु गोविंद सिंह जी के दोनों बच्चे जोरावर सिंह और फतेह सिंह के दोनों बच्चों ने असहनीय दर्द एवं पीड़ा को सहा, अपने प्राणों को धर्म के लिए न्यौछावर करने के लिए हँसते हँसते तैयार हो गये पर कभी अपने धर्म परिवर्तन नहीं किया। आज हम थोड़ी से गर्मी सर्दी के सामने भी असक्षम हो जाते ही परन्तु वो मात्र 7 वर्ष और 9 वर्ष के बालको ने बड़ी निडरता के साथ कष्टों को सहा। उनके प्राण ले लेने के बाद भी मुगलों ने उनके पार्थिव शरीर को किसी को भी अंतिम संस्कार नही करने दिया तब टोडरमल जैन आगे आये। उन्होंने अपनी सम्पूर्ण सम्पति देकर कई सैकड़ो स्वर्णमुद्राओं से उन महान शहीद के अंतिम संस्कार हेतु 4 गज जमीन खरीद उनका अंतिम संस्कार किया। उन महान टोडरमल का भी बाद में मुगलों ने सपरिवार हत्या कर दी थी। महासती से उन बच्चों पर घटे घटना क्रम का वर्णन सुनकर उपस्थित जनसभा के रोंगटे खड़े हो गये। महासती वृन्द द्वारा जब वेला आ गया ऐ दादी माँ जुदाई दा, असा अज्ज मुड़ के ओना नहीं, गीत बोला गया उपस्थित जनसभा की आंखे नम हो गई। महासती से बलिदान की गौरव गाथा एवं प्रवचन सुनने के लिए न सिर्फ जैन बल्कि सिख समुदाय के अनुयायी भी बड़ी संख्या में पहुंचे।

# भारतीय मजदूर संघ का मनाया स्थापना दिवस



**चंद्रेश जैन. शाबाश इंडिया**

श्रीमहावीरजी।समीप के गांव काचरोली में रविवार को भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस मनाया गया। इसमें मजदूरों के हितों को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त कर्मचारी फेडरेशन के भरतपुर संभाग अध्यक्ष प्रेम सिंह बेनीवाल ने की जबकि संचालन भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष प्रियकांत बेनीवाल ने किया। जिला मंत्री प्रवीण कुमार शुक्ला ने बताया मजदूरों के लिए काम करने वाले देश के सबसे बड़े भारतीय मजदूर संघ का 68 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर मां भारती के चित्रपट के सामने दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ बीएमएस की स्थापना मध्यप्रदेश के भोपाल जिले में महान विचारक दत्तोपंत ठेंगड़ी ने लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के जन्म दिवस पर किया था। यह संगठन किसी संगठन के विघटन से नहीं बना है, बल्कि यह एक समान विचारधारा के भारत का सबसे बड़ा मजदूर और कर्मचारी संगठन है। उन्होंने कहा कि संगठन हमेशा कर्मचारियों, मजदूरों के हित के लिए संघर्ष करता रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीएमएस के संरक्षक आरडी शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय मजदूर संघ एक राष्ट्रवादी संगठन है जिसका उद्देश्य राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा मजदूरों के हितों की रक्षा करना है संगठन लाखों करोड़ों की संख्या में मजदूर वर्ग के हितों के संरक्षण के मुख्य उद्देश्य के साथ आज भारत का सबसे बड़ा संगठन है। स्थापना दिवस के कार्यक्रम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक समंदर सिंह ने संगठन से युवा पीढ़ी के जुड़ने की अपील की कार्यक्रम में उपस्थित बतौर विशिष्ट अतिथि रामविलास योगी जीवन राम योगी, राम गणेश शर्मा,शिवचरण अध्यापक, विद्यानंद भारद्वाज, कुंवेर मीना,ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और इस मोके पर हरीश डिल्ला, भीम सिंह मीणा, ओपी मीणा, पुरुषोत्तम , कुमोद शर्मा,रोहित गुर्जर, रविकांत शर्मा, राजेश सोलंकी, तेज सिंह, सतवीर,जयराम, लोकेन्द्र सिंह,ओमप्रकाश, नंदकिशोर, अटल, अनिल,संजय,नवीन,नरेंद्र सहित तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

# वेद ज्ञान

## राष्ट्रपिता और रामराज्य

महात्मा गांधी की इच्छा थी कि स्वतंत्रता के बाद देश में रामराज्य की स्थापना हो, जिसमें समाज अनेक कानून के बजाय दैवीय नियम और मर्यादाओं से सुचारू रूप में चले। दैवीय नियम-कानूनों का पालन करने की जिम्मेदारी मनुष्य की स्वयं की होती है, क्योंकि इसके बारे में देश का कानून कुछ नहीं कहता है। जैसे कानून अपराध सिद्ध करने के लिए साक्ष्य मांगता है और शातिर अपराधी कोई साक्ष्य छोड़ता नहीं है। इसलिए वह कानून से तो बच जाता है, परंतु वह दैवीय नियमों के अनुसार अपराधी है और इस संदर्भ में उसे अपराधी सिद्ध करने के लिए उसकी स्वयं की अंतरात्मा साक्ष्य प्रस्तुत करती है और यह सजा इतनी कठोर होती है कि जिसमें माफी के लिए कोई स्थान नहीं होता है। समाज को दिशा प्रदान करने में समाज के अग्रणियों की बड़ी भूमिका रहती है। जैसे भगवान राम को मर्यादा पुरुष इसलिए कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने समाज की मर्यादाओं का पालन करते हुए 14 साल वन में निवास करके कष्ट सहन किए और पिता की आज्ञा का पालन करते हुए इस अवधि में किसी नगर या गांव में प्रवेश तक नहीं किया था। वहींआज के युग में समाज के कुछ अग्रणी जन अक्सर स्वयं के स्वार्थ के लिए भ्रष्टाचार और कुशासन के द्वारा समाज को सही दिशा दिखाने के स्थान पर समाज को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। इनके रुतबे के कारण देश का कानून इन्हें दंड नहीं दे पाता है, परंतु ये दैवीय कानून के अनुसार घोर अपराधी हैं, क्योंकि इनसे प्रेरणा लेकर समाज के असंख्य लोग उसी प्रकार का व्यवहार करके समाज के वातावरण को दूषित करते हैं और इसी कारण आजकल चारों तरफ अपराध बढ़त पर हैं। यह सही है कि सरकार और न्याय व्यवस्था अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए अपने-अपने तरीके से काम कर रही है। बावजूद इसके समाज में अपराधों पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है। यदि समाज के कुछ अग्रणी जन भगवान राम की तरह अपने आचरण द्वारा आदर्श प्रस्तुत करते तो हो सकता है अपराधों में भारी कटौती होकर देश में स्वस्थ समाज की स्थापना होकर राष्ट्रपिता के सपने के अनुसार रामराज्य की इच्छा पूरी हो गई होती। यदि हम सच्चे भारतीय कहलाना चाहते हैं, तो हमें इन बातों का पालन करते हुए समाज को अपराधमुक्त बनाकर गांधी के सपने को पूरा करना चाहिए।

# संपादकीय

## अलगाववाद की आग देश के लिए बेहद घातक

समावेशी विचार और लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले भारत में खालिस्तान आंदोलन की कोई संभावना नहीं है। मगर कट्टरता, धार्मिक प्रदर्शन, सर्वोच्च धार्मिक संस्थाओं के क्रियाकलापों को नियंत्रित करने और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों द्वारा अलगाववादी ताकतों को संरक्षण न मिले, इसे लेकर सजग रहने की जरूरत अवश्य है। खालिस्तान समर्थक विदेश में भारतीय राजनयिकों को निशाना बनाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में भारत को कूटनीतिक स्तर पर कड़े कदम उठाने की जरूरत है। खालिस्तान आंदोलन की संभावनाएं करीब ढाई दशक पहले ही खत्म हो गई थीं, लेकिन भारत से बाहर इसे जिंदा रखने की धार्मिक और राजनीतिक कोशिशें जारी रही हैं। हाल के महीनों में खालिस्तान से जुड़े कट्टर अलगाववादियों और भारत के 'मोस्ट वांटेड' आतंकियों में से कुछ की मौत हुई है, इसे लेकर खालिस्तान समर्थक भारत पर आरोप लगा रहे हैं। दुनिया भर में भारत के खिलाफ प्रदर्शन और भारतीय राजनयिकों के



खिलाफ हिंसा की अपील भी कर रहे हैं। कनाडा खालिस्तानी समर्थकों का गढ़ माना जाता है, वहीं ब्रिटेन, अमेरिका और आस्ट्रेलिया में भी खालिस्तान समर्थकों ने भारतीय दूतावास के बाहर प्रदर्शन किया है। लंदन में खालिस्तानी समर्थकों के हाथों में पाकिस्तान और कश्मीर के समर्थन वाले पोस्टर देखे गए। इसी साल मार्च में ब्रिटेन की राजधानी लंदन में खालिस्तान समर्थकों की उग्र भीड़ ने भारतीय उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन किया था। इस दौरान एक व्यक्ति ने भारतीय उच्चायोग पर लगे तिरंगे को उतार दिया था। वहीं आस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन शहर में भारतीय दूतावास को खालिस्तान समर्थकों के डर से बंद करना पड़ा था। विदेशों में दूतावास की सुरक्षा के लिए वैश्विक स्तर पर विएना समझौते को माना जाता है। वैश्विक स्तर पर यह राजनयिक संबंधों के लिए एक अंतरराष्ट्रीय संधि है। यह संधि राजनयिकों को मेजबान देश में बिना किसी जबर्दस्ती, उत्पीड़न या डर के काम करने में सक्षम बनाती है। कनाडा, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया जैसे देश भी इस संधि से बंधे हैं। भारत से इन देशों के साझा आर्थिक और रणनीतिक हित हैं। इन सबके बाद भी इन देशों में भारत-विरोधी गतिविधियों से कूटनीतिक चुनौतियां बढ़ गई हैं। कनाडा में भारतीय मूल के करीब दस लाख लोग रहते हैं, जिसमें पंजाबियों को अच्छी-खासी तादाद है, जो आर्थिक और राजनीतिक तौर पर बेहद सक्षम माने जाते हैं। इसका प्रभाव कनाडा के राजनीतिक हितों पर भी देखा गया है। कुछ कनाडाई सिख प्रवासी भारतीय आंदोलन के समर्थन के लिए कट्टरपंथियों को उकसाते हैं। बैसाखी और खालसा दिवस पर कनाडा के राजनेता भी खालिस्तान को समर्थन देते देखे गए हैं। इसके चलते भारत और कनाडा के संबंधों में ठहराव देखा गया है। भारत ने 2022 में कनाडा द्वारा खालिस्तानी अलगाववादी जनमत संग्रह की अनुमति देने पर आपत्ति जताई थी, साथ ही कनाडा में घृणा अपराधों के खिलाफ चेतावनी के साथ आगाह किया था। **-राकेश जैन गोदिका**

# परिदृश्य

## कांग्रेस के मजबूत दुर्ग पर हमला...

इस साल के अंत में छत्तीसगढ़ में चुनाव होने जा रहे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए बीजेपी का राज्य से पूरी तरह सफाया कर दिया था। अब कांग्रेस से उसका वहीं सबसे मजबूत दुर्ग छीनने के लिए गृह मंत्री अमित शाह रायपुर पहुंच गए हैं, पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी मंथन करने जा रहे हैं। बैठक में 3 महामंत्री, पूर्व सीएम रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश सहप्रभारी शामिल होने जा रहे हैं। ये बैठक इसलिए मायने रखती है क्योंकि इससे पहले पांच जुलाई को भी गृह मंत्री अमित शाह ने एक बैठक की थी। उसमें उन्होंने पिछले विधानसभा चुनाव के आधार पर सभी को टास्क दिया था, अब इस बार उसका रिव्यू किया जाना है। यानी कि छत्तीसगढ़ चुनाव को लेकर बीजेपी का रोडमैप साफ हो सकता है। बताया जा रहा है कि अमित शाह छत्तीसगढ़ चुनाव के लिए प्रत्याशियों पर भी मंथन कर सकते हैं। इसके अलावा पिछली मीटिंग के दौरान उन्होंने बीजेपी कार्यकर्ताओं से राज्य सरकार के खिलाफ आरोप तलाशने के लिए कहा था, ऐसे में अब उस पर भी बात की जाएगी। इसके अलावा छत्तीसगढ़ में इस समय कई ऐसे छोटे दल मौजूद हैं जिनकी वैसे तो सियासत ज्यादा मजबूत नहीं है, लेकिन अपने इलाकों में उनकी उपस्थिति जबरदस्त है। ऐसे में उनके सहारे कई सीटों पर एक साथ पार्टी अपने समीकरण साधना चाहती है। वहीं पिछले विधानसभा चुनाव में कई ऐसी सीटें भी थीं, जिन पर हार का मार्जिन



काफी कम रहा, यानी कि कुछ वोट इधार-उधर होते तो सीट किसी के भी पाले में जा सकती थी। अब इस बैठक में उन सीटों को लेकर भी मंथन किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ के पिछले चुनावी नतीजे की बात करें तो कांग्रेस की प्रचंड लहर देखने को मिली थी। उस चुनाव में 90 सीटों में कांग्रेस ने अपने खाते में 68 सीटें डाली थीं। वहीं बीजेपी 15 सीटों पर सिमट गई थी।



# मां-बेटी जैसा हो सास-बहु में प्यार, कोई परिवार न टूटे, सास-बहु कभी ने रूठे-डॉ. दर्शनप्रभाजी म.सा.

## परिवार टूटता है तो कलेजा तड़फता है, बहु को बेटी माने सास। रूप रजत विहार में सास-बहु दिवस आयोजन में लाल-पीली साड़िया पहन उमड़ी श्राविकाएं

**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

**भीलवाड़।** धर्मनगरी भीलवाड़ा के चन्द्रशेखर आजादनगर स्थित रूप रजत विहार में मरूधरा मणि महासाध्वी श्रीजैनमतिजी म.सा. की सुशिष्या महासाध्वी इन्दुप्रभाजी म.सा. के सानिध्य में रविवार को सास-बहु दिवस मनाया गया तो सहभागी बनने के लिए श्राविकाएं उमड़ पड़ी ओर दिल छू लेने वाला भावनात्मक माहौल बन गया। पीले रंग की साड़ी पहन कर आई सासु मां ओर लाल रंग की साड़ी में आई बहुरानी में एक-दूसरे के प्रति प्रेम व भावनाओं का सागर उमड़ रहा था। धर्मसभा में मधुर व्याख्यानी डॉ. दर्शनप्रभाजी म.सा. ने सास-बहु को संकल्प कराया कि सासुजी हमेशा अपनी बहुरानी को बेटी समान प्यार देंगे ओर बहु अपनी सासुजी को माता मान उसी समान आदर-सम्मान देंगी। उन्होंने सास-बहु के रिश्तों की व्याख्या करते हुए कहा कि ये रिश्ता परिवार की धुरी होता है। इसमें समन्वय कायम हो गया तो हमारा परिवार स्वर्ग से सुन्दर ओर सपनों से भी प्यारा होता है ओर इनका समन्वय बिगड़ गया तो पूरा परिवार बर्बाद हो जाता है। बहु सास से और सास बहू से ना रूठे तो कोई परिवार कभी न टूटे ये कामना हम सब करेंगे। साध्वीश्री ने कहा कि हम अपने सपनों की सास या बहु चाहते है तो पहले हमे भी वैसा ही बनना होगा। सासुजी को ये ध्यान रहना चाहिए कि बहु उनके बेटे के लिए आई है वह तो उसे फ्री में मिली है ऐसे में जो मिले उसे स्वीकार करे और ज्यादा अपेक्षा नहीं रखे।इसी तरह बहु को ये सोचना चाहिए कि उसे इतना सुंदर सुशील संस्कारवान पति मिला है तो वह उसकी सासुमां के देन है ओर उसे अपनी मां के समान पूरा सम्मान व आदर दे। साध्वी दर्शनप्रभाजी ने कहा कि जब रिश्ते अच्छे नहीं होते तो जिंदगी दुःख भरी कहानी बन जाती है। सास हो या बहु दोनों को कभी एक-दूसरे की बुराई घर से बाहर किसी के समक्ष कभी नहीं करनी चाहिए। आज की सास कल बहु थी ओर आज की बहु कल सास होगी इसलिए ये हमेशा याद रखे जैसा हम करेंगे वैसा ही हमे प्राप्त होगा। परिवार में सुख शांति चाहते है तो गम खाना व सहनशीलता सीख ले। उन्होंने कहा कि बेटियों की गलती छुपाने ओर बहु की गलती सबको बताने से परिवार में सुख का वातावरण नहीं बन सकता। आगम मर्मज्ञा डॉ. चेतनाश्रीजी म.सा. ने कहा कि जब परिवार टूटता है तो कलेजा बिखर जाता है। सासु ओर बहु हमेशा ध्यान रखे कभी एक-दूसरे की आंख में आंसू आने का कारण न बने। बहु अपना घर छोड़कर आपके घर में आती है तो उसे हमेशा यह अहसास कराए कि अब ये घर उसी का है। अपनी बेटी को कभी सास-बहु के रिश्ते के बीच में न आने दे। बेटियों को भी चाहिए कि वह कभी भाभी व मां के रिश्ते में दरार नहीं डाले। ऐसा करने वाली बेटियां सोच ले भाई-भाभी से बनाकर नहीं रखा तो भविष्य में उनके लिए पीहर खत्म हो जाएगा। बहु भी ध्यान रखे कभी पीहर वाली मां को सास के साथ अपने रिश्ते के बीच में न आने दे। मां को कभी ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए जिससे उसकी विवाहित बेटी के पारिवारिक जीवन में विष घुल जाए। हम वक्त के अनुरूप आचरण करना सीख लेंगे तो परिवार टूटने से बच जाएंगे। संस्कारवान बहु पूरे परिवार का कल्याण कर सकती है।



## कभी नहीं टूटने दें सम्बन्धों की मर्यादा

तत्वचिंतिका डॉ. समीक्षाप्रभाजी म.सा. ने कहा कि हर रिश्ते की मर्यादा अवश्य होनी चाहिए। सास-बहु को भी अपने रिश्ते की मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए। मर्यादा टूटने पर रिश्ते प्रभावित होते है। सास हो या बहु यदि धर्म से जुड़ी रहेंगी तो रिश्तों में मधुरता रहेगी। उन्होंने सुखविपाक सूत्र का वाचन करते हुए श्रावक के चौथे व्रत ब्रह्मचर्य के बारे में समझाते कहा कि हम श्रावक-श्राविका तभी बन पाएंगे जब 12 व्रत की पालना करेंगे। साध्वीश्री ने कहा कि पेट भर सकता है लेकिन छेद वाली पेटी नहीं भर सकती। हम पेट भरने के लिए नहीं पेटी भरने के लिए दौड़ रहे है। हम भविष्य की चिंता में घुल रहे है लेकिन वर्तमान कैसे सुधरेगा इस पर ध्यान नहीं दे रहे है। धर्म से जुड़ने के साथ प्रतिदिन सामायिक साधना अवश्य करनी चाहिए। नवदीक्षिता हिरलप्रभाजी म.सा. ने सास-बहु के रिश्तों के आधार पर गीत ह्रस्वर्ग से सुंदर सपनों से प्यारा होता है परिवारह्न गीत की प्रस्तुति दी। धर्मसभा में आदर्श सेवाभावी दीप्तिप्रभाजी म.सा. का भी सानिध्य मिला। छप्पन दिन की संथारा साधना के बाद देवलोकगमन हुए तेरापंथ धर्मसंघ के पूज्य संत शांति मुनिजी को श्रद्धाजंलि स्वरूप लोगस्स पाठ की आराधना की गई। धर्मसभा में विभिन्न स्थानों से पधारे अतिथियों का स्वागत श्री अरिहन्त विकास समिति की ओर से किया गया। धर्मसभा में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रावक-श्राविका बड़ी संख्या में मौजूद थे। धर्मसभा का संचालन श्रीसंघ के मंत्री सुरेन्द्र चौरड़िया ने किया। चातुर्मासिक नियमित प्रवचन प्रतिदिन सुबह 8.45 बजे से 10 बजे तक होंगे। साध्वी दर्शनप्रभाजी ने बेटे-बेटियों की 30-32 वर्ष की उम्र तक शादियां नहीं होने पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि हमारा समाज किधर जा रहा है कभी इस पर भी चिंतन करे। यदि 30-32 वर्ष की उम्र हो गई ओर अभी भी अच्छा रिश्ता नहीं मिलने का राग अलाप रहे है तो आखिर हमारे अच्छे रिश्ते की परिभाषा क्या है। हमारे बच्चें दूसरी जातियों में शादी कर रहे है ओर हम देख रहे है। संस्कारों की कमी के कारण ऐसा हो रहा है। बच्चों को ये संकल्प व संस्कार दे कि वह परिवार की इच्छा से या अपनी पसंद से जैसे चाहे शादी करे पर जिससे भी करें वह अपने समाज की हो। अपने ही समाज में शादी के लिए प्रोत्साहित करना होगा। धर्मसभा में लघु नाटिका संग का रंग के माध्यम से सभी को सामायिक आराधना करने की प्रेरणा दी गई।

# तारा संस्थान उदयपुर व गायत्री परिवार ट्रस्ट कोटा द्वारा पर्यावरण मित्र दिव्या कुमारी को किया सम्मानित



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** आज गायत्री शक्तिपीठ विज्ञान नगर कोटा में आयोजित वरिष्ठ जन सम्मान समारोह में नेशनल यूथ अवार्डी, पर्यावरण मित्र दिव्या कुमारी जैन का तारा संस्थान उदयपुर की अध्यक्षा कल्पना गोयल, गायत्री पीठ के जी डी पटेल व अन्य सम्मानीय जन के करकमलों से प्रशस्ति पत्र व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। दिव्या जैन ने इस सम्मान के लिए सबका आभार व्यक्त किया व उपस्थित समस्त जन को अपनी पर्यावरण मित्र पत्रिका की प्रतियां व पॉलीथिन का उपयोग नही करने की शपथ वाले स्टिकर भेंट किये।

# ऋषभदेव भगवान के गर्भ जन्म व तप कल्याणक की रचना को देखा




**शाबाश इंडिया।** आचार्य श्री विवेकसागर जी महाराज ने आज सोनीजी की नसियां मे स्थित स्वर्णमयी अयोध्या नगरी की रचना व ऋषभदेव भगवान के गर्भ जन्म व तप कल्याणक की रचना को देखा। विश्व विख्यात सोनीजी की नसियां के दर्शन व अद्भुत स्वर्णमयी अयोध्या नगरी की रचना को देखकर आचार्य संघ आनंदित हुआ। नसियां के ट्रस्टी प्रमोद चंद सोनी ने आचार्य संघ को नसियां का पूर्व इतिहास व वंशावली की जानकारी दी। सर्वप्रथम आचार्य श्री ससंघ ने प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभदेव स्वामी की प्राचीन प्रतिमा के दर्शन किये तत्पश्चात स्वर्णमयी ऐरावत हाथी, अश्व रथ व 225 स्वर्ण कमलो की रचना, कैलाश पर्वत की रचना, हस्तिनापुर की रचना व स्वर्णमयी अयोध्या नगरी की रचना जहाँ प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभदेव स्वामी का जन्म हुआ वो रचना देखी। ट्रस्टी प्रमोद चंद सोनी सहित समाज के गणमान्य बंधु सुशील बाकलीवाल मिश्रीलाल गदिया, लोकेश ढिलवारी, कमल गंगवाल, नरेंद्र गोधा ऋषि दोसी, अनिल पाटनी, अंकित पाटनी ,विजय पांड्या, ताराचंद सेठी आदि उपस्थित थे।

# राजस्थान राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड के गठन पर प्रकट किया आभार



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राजस्थान राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड के गठन पर श्री दिगम्बर जैन समाज सुजानगढ़ ने राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली एवं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, स्थानीय विधायक मनोज मेघवाल को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया है। उल्लेखनीय है कि इस बोर्ड के गठन हेतु संपूर्ण राजस्थान के जैन समाज ने यह मांग रखी थी जिसमें सुजानगढ़ जैन समाज ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी ली थी। श्री दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष सुनील जैन सडूवाला की अगवाई में विधायक आवास जय निवास पर सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल का श्री दिगम्बर जैन समाज द्वारा गुलदस्ता, शाल एवं माल्यार्पण द्वारा स्वागत तथा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। विधायक ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा की इस बोर्ड के गठन से ऐतिहासिक कला व सौंदयकला से परिपूर्ण जैन मंदिरों की सुरक्षा , साधुसंतों की सुरक्षा एवं अहिंसा के मार्ग पर चलते रहने की सदप्रेरणा का सेतु जैन समाज एवं सरकार के मध्य क्रियान्वित होगा . समाज के मंत्री पारसमल बगड़ा ने कहा कि श्रमण संस्कृति बोर्ड गठित होने से तीर्थ क्षेत्रों, एवं शैक्षणिक संस्थाओं आदि के प्रबंधन में आसानी रहेगी। मीडिया प्रभारी महावीर प्रसाद पाटनी ने बताया की राजस्थान सरकार की यह पहल आगामी भविष्य में समाज के विकास में महती भूमिका निभाएगी। डॉ. सरोज छाबड़ा ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए राजस्थान के समस्त जैन समाज को बधाई दी। इस अवसर पर नगर परिषद के उपसभापति अमित मारोठिया, सभापति प्रतिनिधि इदरीश जी गौरी, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामोतार मंगलहारा, बजरंग सैन, चेनरूप गुर्जर, विनीत बगड़ा, वीरेंद्र पाटनी, नीलम गंगवाल मौजूद रहे।

# राष्ट्रहित में नारी का योगदान विचार गोष्ठी का आयोजन

## डबरा में उपाध्याय मुनि श्री 108 विहसंत सागर महाराज के सानिध्य में हुआ आयोजन



**जया अग्रवाल. शाबाश इंडिया**

डबरा ग्वालियर । उपाध्याय मुनि श्री 108 विहसंत सागर जी महाराज के सानिध्य डबरा में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इसकी जानकारी देते हुए पर वर्षा योग समिति डबरा ने बताया की, गणाचार्य परम पूजनीय 108 विराग सागर महाराज जी के शिष्य उपाध्याय मुनि श्री 108 विहसंत सागर महाराज जी एवं मुनि श्री 108 विश्व साम्य सागर जी महाराज के सानिध्य में राष्ट्रहित में नारी का योगदान विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समस्त भारत से हजारों की संख्या में गुरु भक्त उपस्थित हुए मुख्य रूप से प्रांत अध्यक्ष मोनिका जैन एडवोकेट भारत तिब्बत सहयोग मंच, ग्वालियर पार्षद प्रेमलता जैन , धर्मेंद्र जैन, सिकंदर कंपू जैन मिलन अध्यक्ष अलका जैन, कृष्णा रावत, प्रमिला जैन, सुधा ब्रह्मकुमारी आश्रम, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुशीला बरैया, डॉ अंजलि भार्गव उपस्थित हुई। आरोग्यमय वर्षा योग समिति द्वारा आचार्य विराग सागर जी महाराज का चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन करके बड़ी ही भक्ति भाव से मेडिटेशन गुरु श्री विहसंत सागर जी महाराज की सभी भक्तों ने अष्ट द्रव से पूजा अर्चना की। मुनि श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि नारी के बिना ,कोई भी कार्य नहीं हो सकता नारी का उत्थान आज के समय से नहीं नारी का उत्थान तो भगवान ऋषभदेव के समय से चला आ रहा है जैसे शरीर में नाभि का महत्व होता है वैसे ही देश में नारी का महत्व होता है। भक्तांबर मंडल सराफा बाजार , बहू मंडल, आदिनाथ मंडल, जागृति महिला मंडल द्वारा नारी शक्ति पर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। युवा मंडल एवं वर्षा योग समिति द्वारा मंच की अध्यक्षता की गई, जिसमें मुख्य रूप से महावीर जैन, हेमंत जैन, राजीव जैन, रितेश जैन, विवेक जैन, दीपक जैन, संजय जैन, एवं समिति के अध्यक्ष विनोद शंघाई, महामंत्री नरेंद्र जैन नीरू, कोषाध्यक्ष कोमल चंद जैन, अतुल जैन आहार व्यवस्थापक, शास्त्री अनुराग जैन, अमन जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पधारे हुए अतिथियों एवं गुरु भक्तों का सम्मान बसंत जैन, संजय जैन, महावीर जैन, दिनेश जैन, महेंद्र जैन, जितेंद्र जैन, राजू जैन, ममता जैन, अंजू जैन, नीतू जैन, सविता जैन, ऋतु जैन, कसक जैन, संचिता जैन द्वारा मोमेंटम एवं शॉल भेंट करके किया गया। उपस्थित अतिथियों ने राष्ट्रहित में नारी का योगदान विचार गोष्ठी में अपने अपने विचार रखें, जिसमें सभी वक्ताओं ने विशेषकर कर महिलाओं को अलग-अलग क्षेत्रों में आगे बढ़कर कार्य करने के ऊपर जोर दिया। एवं प्राचीन काल से आधुनिक काल तक नारी के राष्ट्रहित में योगदान की समीक्षा की।

# "नहीं सहेगा राजस्थान अभियान" को लेकर भाजपाइयों द्वारा पैदल जनसंपर्क



**विराटनगर. शाबाश इंडिया**

प्रदेश कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ "**नहीं सहेगा राजस्थान**" अभियान के तहत तथा केंद्र द्वारा मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को लेकर भाजपाइयों द्वारा रविवार को कस्बे में पैदल रैली निकालकर जनसंपर्क किया गया। इस संबंध में विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेताओं ने कस्बे के बस स्टैंड स्थित बगीची से गणगौरी चौक, मुख्य बाजार, भीमसेन चौक, मंडी होते हुए सुभाष चौक तक पैदल रैली के रूप में लोगों से जनसंपर्क किया। जिसमें भाजपा द्वारा "नहीं सहेगा राजस्थान" अभियान के तहत प्रदेश कांग्रेस सरकार के द्वारा खुलेआम भ्रष्टाचार ,दलित आदिवासियों के लुटते स्वाभिमान, तुष्टीकरण, बेलगाम अपराध, पेपर लीक, बदहाल होते किसान, बहन बेटियों के साथ अपमान और उन पर होने वाले अत्याचार, गैंगवार दुष्कर्म, लूट हत्या, महंगी बिजली, बीता पानी सहित अनेक समस्याओं को लेकर पत्रक वितरित कर जनसंपर्क किया गया, तथा प्रदेश कांग्रेस सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए वहीं केंद्र की मोदी सरकार के 9 साल के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। इस दौरान विधानसभा प्रभारी शिव जी मीणा, संयोजक गिर्राज प्रसाद शर्मा, पूर्व विधायक डॉक्टर फूलचंद भिंडा, पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, सह संयोजक सवाई सिंह, देवनारायण लटाला, बीएल जाट, महेंद्र शर्मा, रानी रत्नाकुमारी कुमारी, सरदारमल यादव, राजेश यादव, महेश हलसर, अनिल शर्मा, मंडल संयोजक भोमराज चेची, भागीरथ यादव, बाबूलाल मीणा, पवन शर्मा, नरेंद्र शर्मा, मामराज सोलंकी, अशोक जैन, सत्यनारायण सैनी, विजय सैनी, अजय जैन, दीपेश चौबे, रोमेश मिश्रा, विकास शर्मा, रतन सैनी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



हमारे प्रिय कंवर साहब

**श्री संजय कु. जैन (शाह)**


पुत्र स्वर्गीय श्री सुनीत कुमार जैन का आकस्मिक निधन 22 जुलाई, 2023 को हो गया है। **तीये की बैठक मंगलवार 25 जुलाई, 2023 को प्रातः 9:00 बजे कीर्ती नगर, टोंक रोड़ जैन मंदिर में होगी।**

**शोकाकुल**

मनीष-शोभना, मंजू (साला सलहज) राहुल-सुरभी, मोहित-सरगम, सन्नी- सिद्धी (भतीजे - बहु ) मनीषा- सुधीर (साली - साढ़ू) हंसिका-विवेक (भतीजी-जमाई), शुभम- हर्षाली (भांजा-बहु) सोनाली, दर्शी, निवान, सानवी, सनायरा अरहव, धर्व एवं समस्त लोंग्या परिवार

# शुगर लेवल कम करते हैं ये घरेलू उपाय

## इनमें से एक भी कर लिया तो पूरी तरह कंट्रोल में रहेगी आपकी डायबिटीज




रोजाना एक्सरसाइज कर आप डायबिटीज जैसी समस्या से छुटकारा पा सकते हैं. खानपान में बदलाव और सही लाइफस्टाइल भी आपको इस बीमारी से बचा सकती है. कुछ घरेलू नुस्खे भी डायबिटीज में रामबाण होते हैं।ब्लड शुगर लेवल कैसे कंट्रोल करें ? इन दिनों डायबिटीज (Diabetes) एक बड़ी समस्या बनकर सामने आ रही है. खराब लाइफस्टाइल और गड़बड़ खानपान इसकी मुख्य वजह है. भारत में हर 11 में से 1 युवा इसकी चपेट में है. 2030 तक यह संख्या 90 मिलियन से बढ़कर 113 मिलियन और 2045 तक 151 मिलियन तक पहुंच सकती है. अगर समय रहते ब्लड शुगर लेवल (blood sugar levels) को कंट्रोल न किया जाए तो यह जानलेवा भी हो सकती है. अगर आप चाहते हैं कि डायबिटीज आपको ज्यादा नुकसान न पहुंचा पाए तो आप कुछ घरेलू नुस्खे आजमा सकते हैं. ये डाइबिटीज से आपका ख्याल रखते हैं और उसे जड़ से भी समाप्त कर सकते हैं.नीम,नीम की कड़वी पत्तियां डायबिटीज में रामबाण हैं. इसमें फ्लेवोनोइड्स, ट्राइटरपेनोइड्स, एंटीवायरल पदार्थ और ग्लाइकोसाइड्स पाए जाते हैं, जो ब्लड शुगर लेवल के कंट्रोल करने में मदद करते हैं. आप नीम पाउडर का इस्तेमाल भी कर सकते हैं. इसके लिए नीम की कुछ सूखी पत्तियों को ब्लेंडर में तब तक पीसें, जब तक वे चिकनी न हो जाएं. इसके बाद दिन में दो बार इस चूर्ण का इस्तेमाल करें.करेले का जूस,अगर आप हर दिन सुबह-सुबह करेले का जूस पीएं या करेले की सब्जी खाएं तो आप डायबिटीज की बीमारी से बच सकते हैं. यह ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करता है और आपको हेल्दी रखता है.जामुन ,गर्मी का मौसम आ गया है तो जामुन भी अब बाजार में आ जाएंगे. जामुन को काला नमक लगा कर खाने से डायबिटीज़ की बीमारी कम हो सकती है. जामुन की गुठली को सूखा कर उसे पीस कर उसके पाउडर का इस्तेमाल भी डायबिटीज में गजब का असर दिखाता है. सुबह-शाम गुनगुने पानी में दो-दो चम्मच इस चूर्ण का सेवन करने से डायबिटीज में कमाल का फायदा होता है.अदरक,अगर आप प्रतिदिन अदरक का सेवन करते हैं तो यह ब्लड शुगर लेवल को मेंटेन करने का काम करता है. अदरक इंसुलिन को बैलेंस बनाता है. एक बर्तन में एक कप पानी और एक इंच अदरक डालकर 5 मिनट तक उबालें. इसे दिन में एक या दो बार पीने से डायबिटीज से छुटकारा मिल सकता है.मेथी पाउडर,मेथी भी डायबिटीज में काफी प्रभावी मानी जाती है. यह ग्लूकोज की मात्रा को सही करती है और ब्लड शुगर लेवल को मैनेज करने का काम करती है. दो चम्मच मेथी के दानों को रात भर पानी में भिगोकर रखें और सुबह-सुबह खाली पेट पानी और उसके बीजों का सेवन करें. जल्द ही असर दिखने लगेगा.एक्सरसाइजशुगर लेवल कंट्रोल करने में एक्सरसाइज काफी महत्वपूर्ण काम करता है. एक्सपर्ट के मुताबिक, वॉकिंग, जॉगिंग, स्विमिंग, टेनिस या बैडमिंटन खेलने के अलावा एरोबिक, वेट लिफ्टिंग डायबिटीज की छुट्टी करने में मददगार होता है.



**डॉ पीयूष त्रिवेदी**
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय
आयुर्वेद चिकित्सालय राजस्थान
विधानसभा,जयपुर। 9828011871



हमारे प्रिय

## संजय जैन शाह

पुत्र स्वर्गीय श्री सुनीत कुमार जैन का आकस्मिक निधन 22 जुलाई 2023 को हो गया है। तीये की बैठक मगंलवार 25 जुलाई 2023 को प्रातः 9:00 बजे कीर्ति नगर, टोंक रोड़, जैन मंदिर में होगी।

**शोकाकुल**

ममता (धर्मपत्नी ) संचय (पुत्र), महावीर, राजेंद्र, श्रवण, बाबूलाल, सुरेश (चाचा) , नरेंद्र, जिनेंद्र, राजेश-अंशु (भाई-वधू), मुन्नी देवी, रतन लाल (बुआ -फूफा) कल्पना-अजय , उर्मिला-बाबूलाल, मंजू-मुकेश (बहन-दामाद) मोनू, रितेश, राहुल, शुभम, अंशुल, अरह (भतीजा) अंकित -आशिमा (भांजा -वधु) रिचा ( भांजी) व शाह परिवार बौंली वाले

ससुराल पक्षः मनीष- शोभना, मंजू व समस्त लोंग्या परिवार

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com



# कारगिल विक्ट्री रन में दौड़े जयपुराइट्स




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

कारगिल शहीद कैप्टन अमित भारद्वाज की स्मृति में आयोजित कारगिल विक्ट्री रन में जयपुराइट्स ने देशभक्ति के जज्बे के साथ कारगिल हीरोज के सम्मान में दौड़ लगाई। दौड़ मालवीय नगर में प्रातः 6 बजे प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए शहीद अमित भारद्वाज के समाधि स्थल पर पहुंचकर समाप्त हुई। दौड़ को शहीद अमित भारद्वाज के माता पिता, स्थानीय विधायक कालीचरण सराफ, उप महापौर पुनीत कर्णावट, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पंडित सुरेश मिश्रा, मेजर जनरल अनुज माथुर और सीआरपीएफ कमांडेंट प्रवीण कुमार ने झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ में जयपुर के विभिन्न स्कूलों के बच्चों के साथ सेना की 5 जाट रेजीमेंट के जवान एवम् अधिकारियों, राजपूताना राइफल्स के जवान एवम् अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में जयपुराइट्स ने भाग लिया। सेना की 17 जाट रेजीमेंट के जवानों एवम् अधिकारियों ने यूनिट की लोकेशन पर एवम् देश के विभिन्न शहरों में रनर्स ने भी देशभक्ति के जज्बे के साथ कारगिल शहीदों के सम्मान में वर्चुअल रन में भाग लिया।



# श्रीराम कथा 26 से, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने किया पोस्टर का विमोचन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जनता कॉलोनी स्थित जनोपयोगी भवन में 26 जुलाई से 3 अगस्त तक श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।इस कथा के बहुरंगीय पोस्टर का विमोचन पूर्व मुख्य मंत्री वसुंधरा राजे ने किया। पोस्टर विमोचन के अवसर पर आयोजक गोरधन बड़ाया, एम गुप्ता, आशीष मेहता, अभिषेक शर्मा, बद्रीनारायण गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, चंद्र महेश झालानी, बिपुल लाभी, हर्षित कानूनगो, अशोक गोड सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजक गोरधन बड़ाया ने बताया कि इस मौके पर श्रद्धेय पुरूषोत्तम शरण महाराज वृंदावन वाले भक्तों को रामकथा सुनाएंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक होगी। कथा के शुभारंभ पर 26 जुलाई सुबह 8 बजे से विशाल कलश यात्रा जानकी वल्लभ लाल जू मंदिर से निकाली जाएगी।

# सर्वत्र विराजमान रहते हैं प्रभु: श्रीगिरिराज शास्त्री

## हिंडौला फलों की मनोरथ की झांकी सजाई



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अधिक मास के अवसर पर श्री वल्लभ पुष्टिमार्गीय मंदिर प्रबंध समिति व श्री पुष्टिमार्गोय वैष्णव मंडल,जयपुर के बैनर तले मोहनबाड़ी स्थित श्री गोवर्धननाथ जी मंदिर में श्री गोवर्धन नाथ जी प्रभु व मथुराधीष स्वामी प्रभु के मनोरथों के दर्षन व 56 भोग महामहोत्सव के तहत आयोजित श्रीमद भागवत कथा में रविवार को बड़ोदरा निवासी श्रीगिरिराज शास्त्री ने व्यास पीठ से कहा कि हिरण्यकशिपु के द्वारा अति भयंकर कष्ट दिए गए। यहां तक कि श्री प्रहलाद जी को विष पिलाया गया. हाथी से कुचलवाया गया. अग्नि में जलाया गया। तरह-तरह की यातनाएं दी गई,परन्तु श्री प्रहलाद जी हर जगह अपने प्रभु का ही दर्शन करते थे। इसलिए उन्हें कहीं भी किसी भी प्रकार की पीडा का एहसास नहीं हुआ। उन्हें विश्वास था कि हमारे प्रभु सदा-सर्वदा सर्वत्र विराजमान रहते है। तो प्रभु श्रीनृसिंह भगवान भक्त के विश्वास को पूर्ण करते हुए खम्भ से प्रगट होकर यह दिखा दिया कि भक्त की इच्छा एवं विश्वास को पूर्ण करने के लिये वह कहीं भी किसी भी समय प्रगट हो सकते हैं।

# धर्मपथ प्रभावना यात्रा का होगा भव्यतम आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद मानसरोवर सम्भाग द्वारा जयपुर के विभिन्न क्षेत्रों में चातुर्मास हेतु प्रवासरत मुनिराजों माताजी के मंगल धर्मपथ दर्शन हेतु दिनांक 06 अगस्त 2023 रविवार को प्रातः 6:30 बजे बसों द्वारा वरुण पथ मानसरोवर जैन मंदिर जी से भव्यतम शुभारम्भ आगाज होता हुआ जयपुर में जहा भी जैन मुनिराज माताजी चातुर्मास के द्वारा धर्म की प्रभावना कर रहे हैं,, उनके दर्शनों के लाभ के लिये एक धार्मिक यात्रा का आयोजन होगा। आज प्रातः की बेला में श्योपुर प्रतापनगर में आचार्य श्री 108 विनीत सागर जी महामुनिराज ससँघ से चर्चा के माध्यम से आशीर्वाद लेने शाखा के परम शिरोमणी संरक्षक डॉ राजीव जैन सतीश कासलीवाल शाखा के अध्यक्ष अशोक जैन बिंदायका महामंत्री पारस जैन बोहरा प्रतापनगर शाखा के अध्यक्ष अनिल पाटनी, उपाध्यक्ष नीरज सेठी, सलाहकार राकेश पाटनी आदि सदस्य मौजूद रहे। पधारे सभी पदाधिकारियों का मंदिर कमेटी के अध्यक्ष बाबुलाल पाटनी, महामंत्री प्रदीप पांड्या, सांस्कृतिक मंत्री राकेश पाटनी द्वारा स्वागत सम्मान किया गया एवम आगामी धार्मिक यात्रा में भरपूर सहयोग का आश्वासन प्रदान किया ।

# विज्ञान उत्सव का आयोजन




**रावतसर. शाबाश इंडिया।** स्थानीय द साइंस एकेडमी द्वारा आयोजित विज्ञान उत्सव में दूसरे दिन भी लोगों का उत्साह भरपूर रहा। दूसरे दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ पीलीबंगा की पूर्व विधायिका श्रीमती द्रोपती मेघवाल, ओम सिहाग संरक्षक द साइंस एकेडमी, राजेश गोदारा निदेशक केआर स्कूल संगरिया, रमेश शर्मा, रुघाराम प्रधानाचार्य, डॉ सुभाष सोनी, सुरेंद्र शर्मा, पंकज शर्मा के कर कमलों द्वारा सरस्वती वंदना के साथ किया गया। दूसरे दिन क्षेत्र के दूरदराज के हजारों की संख्या विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के साथ शहर व नजदीक के गाँवों के गणमान्य नागरिकों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। द्वितीय दिवस पर साइबर सिक्योरिटी, वीआर वर्चुअल रियलिटी इफेक्ट ऑफ अल्कोहल कंज्यूम, फेक नोट डिटेक्सन रिश्वतखोरी की पकड़ करना, ज्वालामुखी प्रदर्शन एवं भौतिकी के नियमों पर आधारित मॉडल प्रदर्शित किए गए। कल रात्रि को टेलीस्कोप के द्वारा आकाश दर्शन विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने चंद्रमा आवृद्धित स्वरूप में देखकर रोमांच का अनुभव किया। भारत सरकार के वैज्ञानिकों डॉ सुजीत तथा जीतपाल जी द्वारा आयोजित वर्कशॉप में विद्यार्थियों की जिज्ञाशाओं को शांत कर विभिन्न नियमों को समझाया गया।



# श्रमण संस्कृति बोर्ड के गठन के निर्णय पर सीकर जैन समाज ने जताई खुशी

## मिठाई वितरित कर और एक दूसरे को बधाई देकर जताई खुशियां

**सीकर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान सरकार द्वारा संपूर्ण जैन समाज द्वारा की जा रही ''राजस्थान राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड का गठन'' की मांग को मानते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा जैन श्रमण संस्कृति बोर्ड का गठन किए जाने पर जैन समाज में हर्ष व्याप्त है। सीकर जैन समाज ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री महोदय का धन्यवाद ज्ञापित किया ।समाज के अजीत जयपुरिया व शशि दीवान ने बताया प्रातः शहर विधायक राजेंद्र पारीक से समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मिलकर सरकार के इस निर्णय पर उनका आभार व्यक्त किया ।इस अवसर पर समाज के हर वर्ग ने एक दूसरे को बधाई प्रेषित की एवं मिठाई खिलाकर खुशियां जताई। पवन छाबड़ा व समाजसेवी अनुभव जैन ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में अल्पसंख्यक जैन समाज के तीर्थो, संतो पर जिस प्रकार से हमले किए जा रहे हे। तीर्थो पर अतिक्रमण व कब्जे का प्रयास किया जा रहा हे उससे जैन समाज उद्वेलित है ।सामाजिक संसद द्वारा जैन बोर्ड के गठन की मांग लंबे समय से की जा रही थी। दिगम्बर जैन विद्यालय सोसायटी के सचिव विनोद जयपुरिया ने बताया कि श्रमण संस्कृति बोर्डद के अंतर्गत जैन समुदाय अपनी मूलभूत समस्याओं व अपने सिद्धांतों की पुरजोर रक्षा- सुरक्षा कर सकेगा व सामाजिक, धार्मिक स्थलों, शैक्षिक एवं उनके अधिकारों की सुरक्षा संरक्षण प्रदान करने हेतु समुचित व्यवस्था होगी ।धार्मिक स्थलों के समुचित विकास एवं सुरक्षा के व्यापक प्रबंध शासन द्वारा किये जायेंगे। प्रवक्ता विवेक पाटोदी ने बताया कि दोपहर कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा के सीकर आगमन पर सर्किट हाउस में जैन समाज के लोग एकत्रित हुए ।उन्होंने इस निर्णय पर माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार जताते हुए कांग्रेस प्रदेश प्रभारी पीसीसी चीफ गोविन्द सिंह डोटासरा , सीकर विधायक राजेंद्र पारीक , फतेहपुर विधायक हाकम अली और नगर परिषद



चेयरमैन को भी मिठाई खिलाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर आभार जताया ।संपूर्ण जैन समाज के लिए ये हर्ष का विषय है ।हम राजस्थान सरकार का इस निर्णय पर धन्यवाद प्रेषित करते है । अतिशय क्षेत्र रैवासा के अध्यक्ष महावीर प्रसाद ठोलिया ने भी खुशी जाहिर करते हुए बताया कि श्रमण संस्कृति बोर्ड स्थापित करने वाला राजस्थान दूसरा राज्य है इससे पूर्व आंध्र प्रदेश में बोर्ड का गठन किया जा चुका है।

# पौधरोपण कर पर्यावरण प्रेमी और समाजसेवियों का किया सम्मान

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

हरियाली फाउंडेशन की ओर से रविवार को पौधरोपण अभियान का शुभारंभ हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि डीजे कुलदीप शर्मा, उदयपुर ग्रामीण विधायक ग्रामीण फूलसिंह मीणा एवं भाजपा नेता तखत सिंह का फाउंडेशन पदाधिकारियों ने तिलक ऊपरना एवं पौधा प्रदान कर स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर एडीजे शर्मा ने कहा कि हरियाली फाउंडेशन 2008 से पौधारोपण अभियान चला रहा है जो कि अपने आप में एक बहुत ही बड़ी बात है। इसी के साथ ही फाउंडेशन एक और नेक कार्य में भागीदारी निभा रहा है वह यह है कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को निशुल्क एंबुलेंस सेवा उपलब्ध करा रहा है। इस मौके पर उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने पौधारोपण अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि हमें पर्यावरण बचाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाना और उन्हें संरक्षित करना चाहिए। समारोह में कई पर्यावरण प्रेमियों का सम्मान भी किया गया। समारोह के दौरान डीजे कुलदीप शर्मा एवं ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा ने 100 फीट रोड पर एक-एक पौधा रोप कर पौधारोपण अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर हरियाली फाउंडेशन के कैलाश, दिलीप वैष्णव, तेजपाल, जगदीश ने बताया कि हरियाली फाउंडेशन 2008 से पौधारोपण अभियान चला रहा है। अभी 2022 तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के 3500 पौधे लगाए जा चुके हैं। सभी पौधों का रखरखाव हरियाली फाउंडेशन की ओर से ही किया जाता है। गर्मी के दिनों में रविवार को 6 टैंकरों से विभिन्न जगहों पर जाकर पौधों को पानी पिलाया जाता है।

**रिपोर्ट/ फोटो : दिनेश शर्मा, अर्जेंट स्टूडियो**



# महिला जागृति संघ की वियतनाम यात्रा संपन्न




## जैन धर्म संस्कृति का प्रचार कर वापस लौटा दल

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** महिला जागृति संघ का 09 दिवस 13 जुलाई से 22जुलाई वियतनाम का ट्यूर रेमिटक्स कैपिटल इंडिया लिमिटेड के मैनेजर ईश्वर दास के साथ बहुत ही सफल रहा। अध्यक्ष श्रीमती शशी जैन व मंत्री सरोज ( बेला ) जैन ने बताया कि ट्यूर में जैन भोजन की व्यवस्था की गयी थी। सदस्यों ने ट्यूर में हनोई, हालोंग, बे क्रूज, दनांग बाना हिल्स और प्राचीन शहर हो ची मिन्ह सिटी की विभिन्न जगहों का दौरा कर बहुत आनंद उठाया।

# "सेव आवर टाइगर, सेव आवर प्राइड" संदेश के साथ हुआ साइक्लोथोन का आयोजन

### स्वास्थ्य कल्याण ग्रुप के सीईओ और यूथ आइकॉन डॉ सर्वेश अग्रवाल एवं सरिस्का टाइगर फाउंडेशन के संस्थापक सचिव दिनेश दुर्रानी फ्लैग ऑफ कर किया रवाना

**जयपुर. शाबाश इंडिया**




देश में बाघों के प्रति अवेयरनेस फैलाने के लिए जयपुर टाइगर फेस्टिवल (जेटीएफ) की ओर से इंटरनेशनल टाइगर डे 29 जुलाई से 01 अगस्त तक जयपुर के जवाहर कला केंद्र में एक टाइगर फोटोग्राफी एग्जिबिशन एवं प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। जेटीएफ के सचिव, आशीष बैद ने बताया कि जेटीएफ के तत्वाधान मे आज, रविवार 23 जुलाई को एक साइक्लोथोन का आयोजन सेव आवर टाइगर, सेव आवर प्राइड संदेश के साथ किया गया। संस्था के सदस्य स्वराज सिंघी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य कल्याण ग्रुप के सीईओ डॉ सर्वेश अग्रवाल एवं सरिस्का टाइगर फाउंडेशन के संस्थापक सचिव दिनेश दुर्रानी रहे। साइक्लोथोन जयपुर के अल्बर्ट हॉल से शुरू होकर हेरिटेज रूट, न्यू गेट, त्रिपोलिया गेट, बड़ी चौपड़, हवामहल, काले हनुमानजी, सुभाष चौक, जलमहल, कनक वृंदावन, कनक घाटी होती हुए आमेर फोर्ट पर सम्पन्न हुई। संस्था के ट्रस्टी आनंद अग्रवाल ने बताया कि जेटीएफ (अ यूनिट ऑफ राजस्थान हेरिटेज, आर्ट एंड कल्चर फाउंडेशन) साइक्लोथोन का आयोजन राजस्थान वन विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। जेटीएफ में कई संस्थाओं का सहयोग है जिसमें एस्ट्रल पाइप्स प्रमुख है व होटल क्लार्क्स आमेर और होटल द फर्न, ए आर एल ग्रुप, लुनाया ज्वैलरी, मसाला मिनिस्ट्री है। संस्था के अध्यक्ष, संजय खवाड ने बताया कि साइक्लोथोन मे जयपुर के कई नामचीन लोग शामिल हुए जैसे गुरूजी सुनील शर्मा, राजेश, अंकित, दीपक परनामी, संजय माथुर, विशाल अवस्थी, हरीश, डॉ अमृता, मुनेश, सबरी, शुभम, आशिम बसीम, परेशजी, गरिमा, शारदाजी, गढ़वाल जी, दीपाबली, मिन्नी, स्वराज, मनु, दिनेश, रोनी, एम एस बालियान, नरेंद्र शर्मा, रक्षित, वंश, किशोर, शैलेश, खगेश, सी.एस.राठौड, जे.पी, हर्ष आदि।

# देव शास्त्र गुरु समिति का मिलन समारोह संपन्न

## आचार्य श्री का प्रथम कलश लेने वाले परिवार को किया सम्मानित





**गौरव जैन सिन्नी. शाबाश इंडिया**

अशोकनगर । राज श्री गार्डन में समाज के पूर्व अध्यक्ष रमेश चौधरी मित्र मंडल द्वारा एक मिलन समारोह का आयोजन किया गया,जिसमे डोंगरगढ़ में विराजमान संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज के चातुर्मास का प्रथम कलश विराजमान करने का सौभाग्य लेने वाले स्थानीय निवासी कबूलचंद्र श्रेयांश कुमार, ऋषभ कुमार जैन (कोहरवास) परिवार का सम्मान किया गया। गौरतलब है कि इस परिवार ने अशोकनगर के इतिहास में प्रथम बार आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का कलश लेकर अशोकनगर का नाम पूरे भारत मे गौरवान्वित किया है।इस मौके पर श्रेयांश जैन कोहरवास द्वारा देव शास्त्र गुरु समिति को पाँच लाख की राशि समाज सेवा के लिए देने की घोषणाा की गई। इसी क्रम में महेंद्र जैन कडेसरा को लेक्क्चरार पद पर पदोन्नति के लिए सम्मानित किया गया। आज के मिलन समारोह में देव शास्त्र गुरु सेवा समिति का गठन किया गया ,जिसमें सर्वसम्मति से दिगम्बर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष रमेश चौधरी को देव शास्त्र सेवा समिति का अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर डॉ. ड़ी. के जैन , सुभाष बकील साव, भानु चौधरी, विनोद जैन (राजू मेडिकल) पी. सी.जैन,विकास जैन( आकाश स्टील),अजित जी गुरया,जिनेश खेरा,अरुण जी लड्डू,राहुल बकील साव,मनीष जी (MPTC),निलेश खेरा, शिखर बड़कुल (शिक्षक), एस.के.जैन साव(कलेक्टेड), डॉक्टर पारस जैन, संतोष डिस्क, सुभाष मोदी, अशोक सिंघाड़ा, सनी टडैर्या, धन्नू बड़कुल, जीतू घाट बमुरिया,रक्कू अखाई,गोलु (गोलचा) एवं दो सैकड़ा से भी अधिक साथियों ने सहभागिता की कार्यक्रम के अंत में सभी समाज जनों का वात्सल्य भोज हुआ।



# रोटरी क्लब जयपुर नॉर्थ द्वारा जीव दया के कार्यक्रम आयोजित

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** रोटरी क्लब जयपुर नॉर्थ द्वारा सामाजिक सेवा कार्यक्रम के तहत आज दिनांक 23 जुलाई रविवार को गलताजी में गौ सेवा एवं बंदरों को केले वितरण का कार्यक्रम किया गया। सभी सदस्यों ने गलताजी में गायों को चारा खिलाया एवं बंदरों को अपने हाथों से केले खिलाने का पुण्य कार्य किया सभी लोगों ने गलताजी में घूमने का भरपूर आनंद लिया। इस पुण्य और सेवा के कार्यक्रम के लिए सचिव अनिल जैन ने संजय पाटनी राजेंद्र गुप्ता नवीन काला मनीष कुमावत विपुल गुप्ता नीरज श्रीमती पूजा काला आशा गुप्ता को उनके सहयोग के लिए बहुत-बहुत आभार एवं धन्यवाद दिया।





# आत्म प्रशंसा अहंकार का बोधक है: डॉ.साध्वी राज रश्मि जी म.सा.

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मानसरोवर किरण पथ स्थित महावीर भवन में वषार्वास हेतु विराजित महाश्रमणी राजस्थान सिंहनी गुरुमाता महासती श्री पुष्पवती जी (माताजी) म.सा.आदि ठाणा 7 के पावन सान्निध्य में तप त्याग के लगे ठाठ। धर्मसभा को संबोधित करते हुएउपप्रवर्तिनी मरूधरा शिरोमणि सदगुरुवर्या डॉ.श्री राजमती जी म.सा. ने फरमाया। तप अमूल्य संजीवनी है,महान असरकारक औषधि है। इससे शरीर के रोग तो दूर होते ही हैं तथा पाप कर्म क्षय होने से आत्मा निर्मल बनती है। तप में समभाव पूर्वक जप करने से उत्कृष्ठ रसायन का उत्पादन हो जाये तो भव भ्रमण भी मिट सकता है ।तप की वृष्टि से धर्म में श्रद्धा रूपी बीजों का अकुंरण होकर आध्यात्मिक सुख की फसल लहलहाती है। डॉ.साध्वी राज रश्मि जी म.सा. ने कहा कि आत्म प्रशंसा अहंकार का बोधक है और परनिंदा दुर्जन का लक्षण है। जिस व्यक्ति में जो भी गुण दिखें उनकी अंतः करण से प्रशंसा करें ।अपनी प्रशंसा से,शेखी बघारने से, डींग हांकने से पुण्य क्षय होता है एवं कर्तव्य का जंगल जल जाता है। डॉ.साध्वी राजऋद्धि जी म.सा. ने कहा कि तप जन्म मरण की परंपरा को समाप्त कर शाश्वत सिद्ध पद शिव पद प्रदान करने की क्षमता रखता है। तप का तेज ही



जिनशासन को आलोकित कर रहा है। संघाध्यक्ष राजेंद्र राजा ने बताया कि पूज्या महासतीवृंद ने जब से चातुर्मास हेतु महावीर भवन मानसरोवर में प्रवेश किया तब से ही तप जप का अपूर्व ठाठ लगा हुआ है। श्रीमती मधु पीपाड़ा धर्मपत्नी आनंद पीपाड़ा मानसरोवर जयपुर एवं अमन सुपुत्र सज्जन कुमार मेहता किशनगढ़ के अट्ठाई तप संपूर्ति पर श्री संघ एवं मंगल चंद बोहरा,राजेंद्र कुमार राजा तथा पारलेचा परिवार की ओर से हार्दिक तप अनुमोदन एवं अभिनंदन किया गया। श्रीमती मंजू लोढ़ा 14 उपवास, श्रीमती कीर्ति जैन 9 उपवास,श्रीमती आशा जी जैन 8 उपवास, श्रीमान महावीर जैन 4 उपवास एवं तेला, बेला, उपवास, आयंबिल, निवी, एकासना, बियासना,चंद्रकला तप के प्रत्याख्यान हुए। संघमंत्री प्रकाश चंद लोढ़ा ने जानकारी दी कि रविवार का दिन तप अनुमोदन दिवस के रूप में आयोजित किया गया। महावीर भवन में धर्मसभा तपस्वी की जय जयकार एवं अनुमोदना के स्वरों से गुंजित हो उठा। पीपाड़ा कुलवधु श्रीमती मधु पीपाड़ा की तपस्या संपूर्ती के अवसर पर पीपाड़ा परिवार की ओर से शासन माता के गीतों का आयोजन हुआ। करो वंदन कटे कर्मों के बंधन विषयक प्रतियोगिता में सुश्री श्रेष्ठि जैन प्रथम,श्रीमती सपना जैन द्वितीय,सुश्री इशिका जैन तृतीय स्थान पर रही। बाल संस्कार शिविर में बाल बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर आध्यात्मिक, नैतिक ज्ञान अर्जित किया। पूज्या गुरूवर्या श्री जी की पावन प्रेरणा से श्री संघ मानसरोवर एवं भगवान महावीर जैन चिकित्सालय जयपुर के संयुक्त उपक्रम से कैंसर जांच शिविर का आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुआ। धर्मसभा में आज अजमेर, मदनगंजकिशनगढ़, पाली, चाचियावास के साथ ही गुरूवर्या श्री जी के प्रति समर्पित परम गुरुभक्त मिलाप चंद बोहरा दंपति हैदराबाद से पधारे उनका अभिनंदन श्री संघ की ओर से किया गया।